BSES

अब वॉट्सऐप से करें बिजली गुल की शिकायत

नई दिल्लीः 14 मई, 2018। बीएसईएस उपभोक्ता अब वॉट्सऐप के माध्यम से भी बिजली गुल की शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए बीएसईएस ने अलग से यह वॉट्सऐप सर्विस लॉन्च की है। कॉल सेंटर, टोल फ्री नंबर और मोबाइल ऐप जैसे माध्यमों से शिकायत दर्ज कराने की सुविधा बीएसईएस उपभोक्ताओं के पास पहले से ही मौजूद है।

बीआरपीएल उपभोक्ताओं के लिए वॉट्सऐप नंबर है– 9999919123 और बीवाईपीएल उपभोक्ताओं के लिए वॉट्सऐप का नंबर 8745999808 है। वॉट्सऐप को सीधे बीएसईएस के विशाल आईटी सर्वर और इंटेलिजेंट आउटेज मैनेजमेंट सिस्टम से जोड़ दिया गया है। जैसे ही उपभोक्ता उपरोक्त नंबरों पर वॉट्सऐप भेजेंगे, तुरंत इंटेलिजेंट आउटेज मैनेजमेंट सिस्टम की ममद से आईटी सर्वर उनकी शिकायत दर्ज कर कर लेगा। यही नहीं, सर्वर, शिकायत करने वाले उपभोक्ता के मोबाइल नंबर पर उसी वक्त एक एक्नॉलेजमेंट व कंप्लेंट नंबर भी भेज देगा। इस कंप्लेंट नंबर का इस्तेमाल उपभोक्ता अपनी शिकायत के फॉलोअप के लिए कर सकते हैं।

वॉट्सऐप पर शिकायत दर्ज कराने के लिए हैश का निशान दबाएं, एनसी लिखें, स्पेस दें, अपना नौ अंकों वाला सीए नंबर लिखें और उसे उपरोक्त नंबरों पर भेज दें। उपभोक्ताओं की शिकायत तुरंत दर्ज हो जाएगी।

यह वॉट्सऐप सर्विस आंधी–तूफान वाले मौसम में भी उपभोक्ताओं के लिए काफी मददगार साबित होगी। अगले कुछ दिनों तक मौसम खराब रहने की आशंका जताई गई है।

बीएसईएस प्रवक्ता के मुताबिक– अपनी सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए हम लगातार नवीनतम तकनीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं। बिजली गुल की शिकायत के लिए उपभोक्ताओं को वॉट्सऐप का प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना, हमारे इन्हीं प्रयासों का एक हिस्सा है।

वैसे, बीएसईएस उपभोक्ता कॉल सेंटर, टोल फ्रीन नंबर व मोबाइल ऐप जैसे माध्यमों से भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। बीआरपीएल कॉल सेंटर का नंबर है– 39999707 और बीवाईपीएल कॉल सेंटर का नंबर 39999808 है। बीआरपीएल का टोल फ्री नंबर 19123 है और बीवाईपीएल का टोल फ्री नंबर 19122 है। उपभोक्ता बीएसईएस का मोबाइल ऐप अपने फोन में डाउनलोड कर सकते हैं। यह ऐप एंड्रॉइड और आईफोन, दोनों तरह के मोबाइल फोन्स के लिए उपलब्ध है।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआरपीएल और बीवाईपीएल रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के बीच संयुक्त उद्यम हैं।

....